## सार-समाचार

### मारपीट कर रूपये मांगने का मामला

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में ऑटों में सवार आरोपी पीडित का अपहरण कर बंधक बना मारपीट कर रूपये मांगने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मांगीलाल पुत्र सुखलाल गमेती निवासी शिव मंदिर के पास एकलव्य कॉलोनी मल्लातलाई ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 20 फरवरी रातदुधिया गणेशजी रोड़ पर बैठा था। इस दौरान ऑटों लेकर आए बदमाशों ने पूछा तो अपना नाम बताया। इस पर आरोपी मेरा अपहरण कर ऑटों में डाल रिंग रोड़ एकलव्य कॉलोनी पीछोला की तरफ ले गए। जहां मेरे साथ मारपीट की। चिल्लाने पर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के गोवर्धन विलास हाइवे पर हुए सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोवर्धन विलास हाइवे काया रोड़ पर मंगलवार रात में हुए सड़क हादसे में बाइक चालक रोबिया खेरवाड़ा निवासी प्रवीण पुत्र शिवशंकर गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हेडकांस्टेबल अकरम खां ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। प्रवीण रीट की तैयारी कर रहा था एवं बाइक परगांव से उदयपुर की तरफ आ रहा था।

### बाइक ट्रक से टकराई, युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र हाइवे पर बाइक ट्रक से जा टकराई। हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापनगर थानाक्षैत्र देबारी टी पोईंट परमंगलवार रात में बाइक ट्रक से जा टकराई। हादसे में हादसे में बाइक चालक सिसोदिया का गुड़ा धुणीमाता डबोक निवासी रणजीतसिंह (35) पुत्र गोवर्धनसिंह चौहान गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई भगवतसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। रणजीतसिंह प्राईवेट नोकरी करता था एवं बाइक पर घर लौट रहा था। इस दौरान टी पोईंट पर मोड पर ट्रक के आने पर उससे टकरा गया।

### युवती ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** फलासिया थाना क्षेत्र में युवती ने फांसी लगा आत्मकहत्या कर ली। पुलिस से प्रापत जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर में ज्योति पुत्री बाबूलाल निवासी गणवास फलासिया ने अपने मकान में फांसी लगा ली। दोपहर में मां पंचायत समिति गई थी। वहां से लौटने पर देखा तो पुत्री फंदे पर लटकी हुई थी। इस पर उसे निचे उतार उपचार के लिए एमबी चिक्तिसालय पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एएसआई कालुलाल ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

### ट्रेक्टर चालक की हादसे में मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के नाई थाना क्षेत्र में ट्रेक्टर पलटने से निचे दबने पर चालक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाई थाना क्षैत्र में कोडियात रोड़ पर मंगलवार रात में गाय को बचाने के प्रयास में ट्रेक्टर पलट गया। हादसे में निचे दबने पर चालक बोरीया फलासिया निवासी भमराज पुत्र रामाजी भील गंभीर घायल हो गया। हादसे का पता चलने पर उसे बाहर निकाल एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल मंगलसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### गोदाम से माल चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** सविना थाना क्षैत्र में स्थित सरकारी गोदाम से चोर सामान चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित नगीनभाई पुत्र विठ्ठल भाई पटेल निवासी वीराम तृतीय मकरपुरा रोड़ थाना मकरपुरा बडोदा गुजरात हाल वाचन भवन सेक्टर 14 ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि सेक्टर 14 में सरकारी पशु चिकित्सालय का गोदाम है। उक्त गोदाम पर 18 फरवरी को एक गाडी माल खाली हुआ था। दूसरे दिन देखा तो गोदाम का ताला टूटा हुआ तथा मौके से पशु सिम्स तीन लीटर एवं अन्य सामान गायब था।

### शिवरात्रि पर प्रसाद वितरण किया

**उदयपुर, (कासं)।** शिव मित्र मंडल द्वारा वार्ड 64 सौ फीट रोड़ पर शिवरात्रि के अवसर पर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ जिसमें भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती कविता जोशी, सुंदर सिंह भंडारी मंडल अध्यक्षा रुचिका चौधरी, वार्ड 64 पार्षद राकेश जैन, राकेश चौधरी, कुलदीप वसीटा, लोकेश वसीटा, अन्नाजी मद्रासी डोसा, रमेश मेंघवाल, आकाश रावत, अभिषेक मद्रासी, नारायण रैगर, अनिल वासित, कौशलेंद्र राजपूत, एवं समस्त शिव मित्र मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का ज्वार

■ राजनगर में भूतों की टोली व मनोहारी झांकियों के साथ निकली शिव बारात

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित रामेश्वर महादेव, कुंतेश्वर महादेव, विश्वेंभर महादेव, गुप्तेश्वर महादेव, ओंमकारेश्वर महादेव, चौमुखा महादेव, जिले के प्रमुख व माता कुंती द्वारा स्थापित फरारा महादेव, काबरी महादेव, मेवाड के अमरनाथ परशुराम महादेव, आंजनेश्वर महादेव, चकाचक महादेव, गौरी धाम, सुरजकुण्ड धाम सहित जिलेभर के शिव मंदिरों में शिवरात्री पर्व को लेकर विभिन्न आयोजन हुए, शिवालयों को आकर्षक विद्युत रोशनी व फूलों से सजाए गए है।

पूर्व संध्या पर भजन संध्या के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठन किए गए। बुधवार अल सुबह मंगला आरती के साथ भगवान भोले को भस्मा आरती, जल अभिषेक, रूद्र अभिषेक के साथ आक, धतूरा सहित भांग का भोग लगाया गया। शिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड पडी है। कांकरोली स्थित प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड पडी। शहर सहित आसपास के गांव के श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर में शिवलिंग को विशेष श्रृंगार धराया गया और भक्तों जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मंदिर के पुजारी ने बताया कि शिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई, और आने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। वहीं कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा मौके पर पर्याप्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इधार, महाशिवरात्रि पर कांकरोली में स्वास्तिक सिनेमा के पीछे श्री ओम्कारेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। अभिषेक किया जाकर श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की गई। दोपहर में शिखर पर ध्वजा चढाई गई। शाम को ओंकारेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान भोलेनाथ के भजनों की सुमधुर सरिता का भक्तजनों ने आनंद लिया।

फरारा ग्राम स्थित महाभारतकालीन प्राचीन तीर्थस्थल कुन्तेश्वर महादेव में महाशिवरात्रि पर बुधवार को विशेष सेवा-पूजा, श्रंगार व आरती आदि अनुष्ठानों का दौर दिनभर चला एवं दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड उमड पडी। वहीं मेले में पूरे दिन खासी चहल-पहल रही। श्री कुन्तेश्वर महादेव (धार्मिक) सार्वजनिक प्रन्यास की ओर से आयोजित महोत्सव के तहत विशेष सेवा-पूजा व अनुष्ठानों का क्रम सुबह सवा चार बजे मंगला आरती के साथ शुरू हुआ। इसके बाद प्रातः नौ बजे श्रंगार आरती हुई तथा सुबह 11 बजे राजभोग आरती की गई तथा भोलेनाथ को भोग धराया गया। दोपहर तीन बजे उत्थापन आरती हुई वहीं शाम सवा पांच बजे बालभोग आरती एवं शाम साढे छह बजे संध्या आरती की गई। इसके उपरांत भी यह क्रम चलता रहा। इस अवसर पर कुन्तेश्वर महादेव का जलाभिषेक भी हुआ जिसके लिए विशेष समय निर्धारण किया गया था।

इसके तहत सुबह साढे चार बजे से साढे सात बजे तक एवं बाद में दोपहर तीन से चार बजे तक जलाभिषेक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इधर, दर्शन के लिए पूरे दिन भीड बनी रही। अलसुबह मंगला आरती के समय से ही दर्शनार्थियों का आना शुरू हो गया था जो बाद में निरन्तर बढता गया। सुबह यह संख्या और अधिक बढ गई जबकि दोपहर होते होते तो श्रद्धालुओं की भारी भीड लग गई। दर्शन के लिए लम्बी कतारें लगी रही तथा भीड का यह दौर देर शाम तक लगातार चलता रहा। श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के लिए प्रन्यास ने विशेष इंतजाम किए तथा इसके लिए मुख्य ट्रस्टी बहादुरसिंह राठौड के निर्देशन में दर्जनों कार्यकर्ता परिसर में चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहे। साथ ही सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर मंदिर व मेला प्रांगण सहित पूरे क्षेत्र में पुलिस तैनात रही।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी सहित कई विशिष्टजन भी दर्शन के लिए पहुंचे जहां मुख्य ट्रस्टी बहादुरसिंह राठौड ने स्वागत किया। दूसरी ओर मेला प्रांगण में सौन्दर्य प्रसाधन, मनिहारी, खिलौना सहित दैनिक उपयोगी वस्तुओं आदि की छोटी-बडी सैकडों दुकानें लगी थी जहां लोगों ने खरीदारी की वहीं चाट-पकौडी, पानीपूरी, आइसक्रीम, भेलपुरी, गन्ना रस आदि स्टालों पर खान पान का लुफ्त उठाया वहीं यहां लगे डोलर, झूला, चकरी आदि मनोरंजन साधनों पर भी खूब आनंद लिया।राजनगर सदर बाजार स्थित श्री बाटेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव अन्तर्गत बुधवार को भूतों की टोली एवं देव झांकियों के साथ अनूठी शिव बारात धूमधाम से निकाली गई वहीं शिव-पार्वती विवाह की रस्म निभाई गई।

### शोभायात्रा निकाली

**डूंगरपुर, (निसं)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार दोपहर को शहर के भोईवाडा नीलकंठ महादेव मंदिर से राजभोई समाज की ओर से गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भोई समाज के अलावा शहर के अन्य समाज के लोगों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया।

## सेमिनार का आयोजन

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर कर सलाहकार संघ द्वारा आयकर एवं जीएसटी कानून से जुडे विभिन्न विषयों पर सेमीनार एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।कर सलाहकार संघ के महासचिव एडवोकेट कमलेश शाह ने बताया कि प्रथम सत्र में आयकर अधिनियम के अन्तर्गत आयकर अधिकारी अनिल भंबानी उदयपुर ने विशिष्ठ वित्तीय लेन देन एवं लेन देनों का एवं इलेक्ट्रोनिक वेरीफीकेशन की विधियों पर पावर पॉइंट द्वाराजानकारी देते हुए कहा कि कर दाताओं को अपनी आयकर विवरणी दाखिल करते समय पोर्टल पर उपलब्धलेन देन का मिलान कर लेना आवश्यक होगा अन्यथा वित्तीय लेन देन का मिलान नही होने पर विभाग से नोटिस जारी हो सकता है।

### बैठक आज

**डूंगरपुर, (निसं)।** बोर का भाटडा बांध का कार्य पूर्ण करने हेतु ग्राम पंचायत ऊंटिया में सार्वजनिक बैठक रखी गई है। बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारीगण एवं बांध बनाने से, जमीन से वंचित हो रहे प्रभावित परिवारों, जनप्रतिनिधि नागरिकों एवं कृषको की बैठक होगी। इस बांध के पानी से पेयजल, सिंचाई, पशुपालन एवं कृषि कार्यों में भविष्य में लगभग 9 ग्राम पंचायत के बासींदों को लाभ होगा।

## सार-समाचार

### पंजीयन में तेजी लाने के दिए निर्देश

**उदयपुर, (कासं)।** जिला कलक्टर नमित मेहता ने किसान रजिस्ट्रेशन शिविर में प्रतिदिन प्रतिशिविर कम से कम दो सौ रजिस्ट्रेशन करने का लक्ष्य देते हुए रजिस्ट्रेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए। बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के मिनी सभागार में उपखंड अधिकारियों के साथ बैठक में शिविर की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिले के तहसीलदार विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस बैठक में सम्मिलित हुए। जिला कलक्टर ने लक्ष्य के विरूद्ध अर्जित लक्ष्य को बहुत कम बताते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि कम प्रगति वाली तहसीलों में शिविरों की संख्या बढ़ाई जाए। तकनीकी समस्याओं के समाधान खोजते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार कर किसानों को केम्प तक लाने के प्रयास करें। उन्होने कहा कि जिले में 2 लाख 70 हजार 826 पीएम किसान लाभार्थी हैं। इन सभी का रजिस्ट्रेशन करने के साथ ही अन्य किसानों का भी रजिस्ट्रेशन करना सुनिश्चित करें। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहायता से लोगों को इन शिविरों में होने वाले रजिस्ट्रेशन के फायदें बताएं ताकि किसान अपना रजिस्ट्रेशन करवाने शिविरों तक पहुंचे। बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ ने सुझाव दिया कि शिविर से पूर्व ही अपनी सुविधानुसार ई-मित्र पर जाकर किसानों को अपनी ई-केवायसी करने को प्रेरित करें। इससे शिविर के दौरान केवायसी में लगने वाले समय की बचत होगी और रजिस्ट्रेशन की संख्या तेजी से बढ़ेगी। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने लक्ष्य की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करने वाले उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदारों से उनकी योजना एवं अनुभव साझा करने को कहा और कम प्रगति वाले उपखंड अधिकारियों व तहसीलदारों को इसका अनुसरण करने को कहा। बैठक में 5 मार्च तक होने वाली गिरदावरी की प्रगति पर भी असंतोष जताते हुए जिला कलक्टर ने योजना बनाकर तय समय में लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम गिर्वा सोनिका, गोगुंदा एसडीएम शुभम, भींडर एसडीएम रमेश माहेश्वरी, मावली एसडीएम रमेश सिरवी, ऋषभदेव व झाडोल एसडीएम उपस्थित थे।

### रेस्क्यूकर्मी की सड़क हादसे में मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** सड़क हादसे में डूंगरपुर के प्रसिद्ध गोताखोर और रेस्क्यू कर्मी ललित श्रीमाल की मौत हो गई। साबला थाना क्षेत्र के जोगीवाडा के पास हुई बाइक दुर्घटना में उनके साथी भी घायल हुए हैं। साबला थानाधिकारी के अनुसार, 50 वर्षीय ललित श्रीमाल अपने साथी के साथ मंगलवार शाम को सांवला से डूंगरपुर लौट रहे थे। काब्जा रोड पर जोगीवाडा के पास किसी अज्ञात वाहन या जानवर के कारण उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में श्रीमाल को गंभीर चोटें आईं, उन्हें तुरंत डूंगरपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। श्रीमाल को उल्लेखनीय सेवाओं के लिए प्रशासन ने उन्हें कई बार सम्मानित किया था। ललित श्रीमाल एक कुशल गोताखोर थे। कुओं और तालाबों में डूबे लोगों के शव निकालने के लिए पुलिस और प्रशासन उन्हें विशेष रूप से बुलाते थे। वे प्रशासन की सिविल डिफेंस टीम के सदस्य भी थे। एक निपुण स्नेक कैचर के रूप में उन्होंने विषैले सांप, अजगर और मगरमच्छ सहित 1000 से अधिक जानवरों का सफल रेस्क्यू किया था। आबादी वाले क्षेत्रों में खतरनाक जानवरों के आने पर लोग उन्हें तुरंत बुला लेते थे। उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए प्रशासन ने उन्हें कई बार सम्मानित किया था। उनके निधन की खबर सुनकर अस्पताल में बडी संख्या में लोग एकत्र हो गए और गहरा शोक व्यक्त किया।

## डॉ. महेंद्र भानावत पंचतत्व में विलीन, अंतिम यात्रा में शामिल हुए सैंकड़ों लोग

**उदयपुर।** राजस्थान के प्रख्यात लोककलाविज्ञ और उदयपुर के भारतीय लोक कला मंडल के पूर्व निदेशक डॉ. महेन्द्र भानावत का बुधवार को उदयपुर में अंतिम संस्कार किया गया। भानावत को उनके बेटे और पौते के साथ उनकी बेटियों और पुत्रवधू ने भी कंधा दिया। सुबह साढ़े नौ बजे न्यू भूपालपुरा स्थित उनके निवास आर्ची आर्केड से अंतिम यात्रा गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई। इसमें शहर के विशिष्ट जन, प्रमुख लोग, प्रबुद्धजन, साहित्यकार, पत्रकार आदि शामिल हुए।

87 वर्षीय डा. भानावत की अंतिम यात्रा में उनके घर से उनके पुत्र-पुत्रवधू डॉ. तुक्तक भानावत-रंजना भानावत, बेटी डॉ. कविता मेहता एवं डॉ. कहानी भानावत और पौत्र शब्दांक-अर्थांक ने कंधा दिया। अशोक नगर मोक्षधाम पर भी बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। साहित्यकार डा. दुर्गाप्रसाद अठावाल ने कहा कि डा. भानावत लोक साहित्य के विश्वकोष थे। गीतकार इकराम राजस्थानी ने कहा कि डॉ. महेंद्र भानावत राजस्थान सहित देश की लोक संस्कृति के सच्चे संरक्षक एवं संवाहक थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन लोक कला व आदिवासी साहित्य को समर्पित कर दिया था। भोपाल के साहित्यकार वसंत निरगुणे ने कहा कि डॉ. भानावत राजस्थानी कला और संस्कृति के सबसे बड़े अध्ययेता थे। उनके निधन से एक युग का अंत हो गया है। राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष रमेश बोराणा ने कहा कि उनकी लिखी पुस्तकें और शोध पत्र राजस्थान के लुप्त हो रहे लोक व आदिवासी जीवन को जानने में सहायक होंगे। श्रमण संघीय दिनेश मुनि ने कहा कि डॉ. भानावत प्रख्यात लोककलाविज्ञ थे। वरिष्ठ मीडिया शिक्षक प्रो. संजीव भानावत ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि उनके निधन से भारतीय लोक साहित्य और परम्परा का एक सुनहरा अध्याय समाप्त हो गया है। लेखक सैयद हबीब ने कहा कि डॉ. महेंद्र भानावत के बिना अब लोक का मंच सूना हो गया है। उन्होंने कहा कि डा. भानावत ने अपनी पूरी जिंदगी लोक नाट्यय को समर्पित कर दी, गवरी, भवई, रम्मत, तमाशा, कठपुतली जैसी राजस्थान की हर कला विधा में अपनी लेखनी की छाप छोड़ी।

## राज्य मुख्यालय का अवलोकन किया

**उदयपुर, (कासं)।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के राजस्थान राज्य के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार उदयपुर दौरे पर आए राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने उदयपुर चेतक सर्कल स्थित राज्य मुख्यालय का निरीक्षण किया। वह आज महाशिवरात्रि पर उदयपुर दौरे पर थे।

उन्होंने मुख्यालय पहुंच कर हिंदुस्तान स्काउट द्वारा राज्य में चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों एवं शिविरों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। राज्य सचिव नरेंद्र ओदिच्य ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष को आगामी सत्र 25- 26 की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर राज्य मुख्यालय के भवन विस्तार की पर चर्चा की गई। दिलावर अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकालकर दिन में 2 बजे राज्य मुख्यालय पहुंचे।राज्य मुख्यालय पहुंचने परमेवाड़ी परंपरा अनुसार एवम गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत अभिनंदन किया गया। प्रदेश सचिव नरेंद्र ओदिच्य ने मेवाड़ी पाग, राज्य संगठन आयुक्त आर डी गिल ने स्कार्फ पहना कर एवम सहायक राज्य संगठन आयुक्त प्रदीप मेघवाल ने ऊपरना धारण करवा कर अभिनंदन किया, इस अवसर पर राज्य संगठन आयुक्त गाइड कविता जैन, संभाग आयुक्त गोपाल मेहता मेनारिया, जिला कॉर्डिनेटर देवीलाल गर्ग, जिला प्रभारी नरपत सिंह, ट्रेनिग काउंसलर कमल यादव ने पुष्प गुच्छ भेंट कर दिलावर का स्वागत किया।

### महाशिवरात्रि पर लगी रही भीड़

**भीम, (निसं)।** महाशिवरात्रि पर भीम शहर के तालाब की पाल स्थित शिव मंदिर एवं हॉस्पिटल रोड स्थित शिव मंदिर पर बुधवार को महापर्व होने के चलते से ही पूजा पाठ एवं आरती करने वालों की काफी संख्या में भीड़ उपस्थिति रही। महाशिवरात्रि के अवसर पर कस्बे के अस्पताल मार्ग स्थित जगतपति भीमनाथ मंदिर में विविध धार्मिक गतिविधियां आयोजित की गई। तालाब की पाल शिवालय,भूरिया भाटा शिवमन्दिर की भव्य साजसज्जा की गई। महामृत्युंजय,पंचाक्षरी मंत्र, शिव तांडव आदि की साधना की गई। श्रद्धालुओं ने पंचामृत स्नान, दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक कर मनोकामनाएं मांगी। सवेरे से ही धर्मावलंबियों ने हाथ में पूजा तक लिए दिया अगरबती कर पूजा पाठ किए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दौड़ा**
**पंचायत समिति सेमारी, जिला सलुम्बर**

क्रमांक:ई-निविदा/2024-25/ग्रा.प./ SPL-01 दिनांक-24.02.25

**ई-निविदा सूचना-02/2024-25**

इस कार्यालय के पत्रांक SPL-01 दिनांक 21/2/25 द्वारा निर्माण कार्यो हेतु 1 कार्य की ई निविदा सूचना जारी की गई है। जिसकी ऑनलाईन अपलोड की अंतिम दिनांक 03.03.2025 सांय 6 बजे तक है। कार्य का नाम सीसीरोड निर्माण कार्य मेर रोड से काड फला तालाब की ओर लिम्बडी ग्रा.प.चंदोंडा कार्य राशि रू.15.00 लाख है। निविदा का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा एवं निविदा अपलोड www.eproc.rajasthan.gov.in पर किया जा सकता है।

UBN -ZUD2425WSOBO2382

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत चन्दौड़ा, पं.स.सेमारी, जि.सलूम्बर (राज)
सरपंच, ग्राम पंचायत चन्दौड़ा, पं.स.सेमारी, जि.सलूम्बर (राज)

**कार्यालय ग्राम पंचायत सदकड़ी**
**पंचायत समिति सेमारी, जिला सलुम्बर**

क्रमांक:ई-निविदा/2024-25/ SPL-01 दिनांक-24.02.25

**ई-निविदा सूचना-02/2024-25**

इस कार्यालय के पत्रांक SPL-01 दिनांक 21/2/25 द्वारा निर्माण कार्यो हेतु 1 कार्य की ई निविदा सूचना जारी की गई है। जिसकी ऑनलाईन अपलोड की अंतिम दिनांक 03.03.2025 सांय 6 बजे तक है। कार्य का नाम रा.उ.मा.वि. सदकड़ी परिसर ग्राम पंचायत सदकडी पं.स.सेमारी जिला सलुम्बर में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य राशि रू. 10.00 लाख है। निविदा का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा एवं निविदा अपलोड www.eproc.rajasthan.gov.in पर किया जा सकता है।

UBN -ZUD2425WSOBO2381

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सदकड़ी, पं.स.सेमारी, जि.सलूम्बर (राज)
सरपंच, ग्राम पंचायत सदकड़ी, पं.स.सेमारी, जि.सलूम्बर (राज)

**कार्यालय ग्राम पंचायत उ.फ. सदकड़ी**
**पंचायत समिति सेमारी, जिला सलुम्बर**

क्रमांक:ई-निविदा/2024-25/ग्रा.प./ SPL-01 दिनांक-24.02.25

**ई-निविदा सूचना-02/2024-25**

इस कार्यालय के पत्रांक SPL-01 दिनांक 21/2/25 द्वारा निर्माण कार्यो हेतु 1 कार्य की ई निविदा सूचना जारी की गई है। जिसकी ऑनलाईन अपलोड की अंतिम दिनांक 03.03.2025 सांय 6 बजे तक है। कार्य का नाम सीसी रोड निर्माण कार्य मेनरोड से सेतुआ की ओर ग्रा.प.उ.सदकडी कार्य राशि रू. 10.00 लाख है। निविदा का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा एवं निविदा अपलोड www.eproc.rajasthan.gov.in पर किया जा सकता है।

UBN -ZUD2425WSOBO2383

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत उ.फ.सदकड़ी, पं.स.सेमारी, जि.सलूम्बर (राज)
सरपंच, ग्राम पंचायत उ.फ.सदकड़ी, पं.स.सेमारी, जि.सलूम्बर (राज)

**कार्यालय ग्राम पंचायत सदकड़ी**
**पंचायत समिति सेमारी, जिला सलुम्बर**

क्रमांक:ई-निविदा/2024-25/ग्रा.प./SPL-01 दिनांक-24.02.25

**ई-निविदा सूचना-02/2024-25**

इस कार्यालय के पत्रांक SPL-01 दिनांक 21/2/25 द्वारा निर्माण कार्यो हेतु 1 कार्य की ई निविदा सूचना जारी की गई है। जिसकी ऑनलाईन अपलोड की अंतिम दिनांक 03.03.2025 सांय 6 बजे तक है। कार्य का नाम सीसी रोड निर्माण कार्य मेन रोड से हलदाघाटी धामदरा की ओर ग्रा.प.सदकड़ी कार्य राशि रू. 10.00 लाख है। निविदा का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा एवं निविदा अपलोड www.eproc.rajasthan.gov.in पर किया जा सकता है।


UBN -ZUD2425WSOBO2380

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सदकड़ी, पं.स.सेमारी, जि.सलूम्बर (राज)
सरपंच, ग्राम पंचायत सदकड़ी, पं.स.सेमारी, जि.सलूम्बर (राज)

Ministry of Culture
Government of India
आज़ादी का अमृत महोत्सव

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर
द्वारा आयोजित
ऋतु वसंत
28 फरवरी से 2 मार्च 2025
प्रतिदिन सायं 7.00 बजे
प्रवेश नि:शुल्क
मुक्ताकाशी रंगमंच शिल्पग्राम, उदयपुर

28 फरवरी 2025 शुक्रवार


पं. राजेन्द्र वैष्णव
शास्त्रीय गायन

कथक
(शमा भाटे ग्रुप, पुणे)

1 मार्च 2025 शनिवार

डॉ. प्रवीण गांवकर
शास्त्रीय गायन

कथक
(अमित गंगानी एण्ड ग्रुप)

2 मार्च 2025 रविवार

मो. अमान खान
शास्त्रीय गायन

भरतनाट्यम
(कनक सुधाकर ग्रुप, दिल्ली)